राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा
ऑनलाइन समारोह में राज्यपाल श्री मिश्र भी हुए सम्मिलित

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दी प्रदेशवासियों को बधाई

जयपुर, 13 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जयपुर स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दिए जाने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और आयुष मंत्रालय का आभार जताया है। उन्होंने इसे राजस्थान के लिए सौगात बताते हुए प्रदेश की जनता को भी आयुर्वेद राष्ट्रीय डीम्ड विश्वविद्यालय के लिए बधाई दी है।
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ही इस संस्थान का डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में लोकार्पण किया था। लोकार्पण समारोह में आनलाईन राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने भी भाग लिया।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दिए जाने के लोकार्पण समारोह के बाद श्री मिश्र ने कहा कि इससे अब राजस्थान का यह संस्थान विश्वविद्यालय रूप में तेजी से एकेडमिक विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की शिक्षा और अनुसंधान की दृष्टि से राजस्थान की यह डीम्ड यूनिवर्सिटी इससे अब विश्वभर में अपनी नेतृत्वकारी भूमिका निभा सकेगी।

श्री मिश्र ने कहा कि एनआईए, जयपुर को विश्वविद्यालय दर्जा देना केन्द्र सरकार की महत्ती पहल है। इससे आयुर्वेदिक शिक्षा के आधुनिकीकरण की पहल होगी तथा परमरागत ज्ञान के वैज्ञानिक विकास की नई राह खुलेगी। उन्होंने कहा कि इससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मांग के अनुरूप विभिन्न आयुर्वेद पाठ्यक्रमों को तैयार करने के साथ ही आधुनिक शोध–अनुसंधान में राजस्थान विश्वभर में अपनी अलग पहचान बनाएगा।

——

''राज्यपाल की पूर्व प्रधानमंत्री पं. नेहरू को श्रद्धांजलि''

जयपुर, 13 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने देश के पूर्व और प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें श्रदांजलि दी है।

——